11–फ्लोर एरिया रेशियो (FAR) का तात्पर्य उस भागफल से है, जे सभी तलों के आच्छादित कुल क्षेत्रफल को भू-खण्ड के क्षेत्रफल भाग देने से प्राप्त होता है।

12–भू-आच्छादन (Ground Coverage) का तात्पर्य भू-तल पर बने सभी निर्माण द्वारा घेरे गये क्षेत्रफल से है।

13–ग्रुप हाउसिंग का तात्पर्य उस परिसर से है, जिसके अन्दर आवासीय फ्लैट अथवा स्वतंत्र आवासीय (Independent Apartment Unit) इकाई बनी हों तथा मूल सुविधाओं जैसे–पार्किंग, पार्क, बाजार, जनसुविधायें आदि का प्रावधान हो ।

14–ले-आउट प्लान का तात्पर्य उस नक्शे से है, जोकि किसी स्थल के समस्त भू-खण्ड, भवन खण्ड, मार्ग, खुली जगह, आने-जाने के बिन्दु, पार्किंग व्यवस्था, भू-निर्माण (Landscaping) अथवा विभिन्न आकार की प्लाटिंग की समस्त जानकारी व अन्य विवरण को इंगित करने वाली प्लान से है।

15–प्राविधिक (Technical) व्यक्ति का तात्पर्य निम्नलिखित से है :–

(अ) अभियंता-अभियंता, जिला पंचायत

(ब) अवर अभियंता इस उपविधि में अवर अभियंता का तात्पर्य उस अवर-अभियंता से है जिसको अभियंता जिला पंचायत द्वारा भवन के नक्शों की स्वीकृति की कार्यवाही के लिए निदेशित (Designated) किया गया हो।

16–कार्य अधिकारी का तात्पर्य कार्य अधिकारी जिला पंचायत से है।

17–अधिभोग (Occupancy) का तात्पर्य उस प्रयोजन से है, जिसके लिए भवन या उसका भाग प्रयोग में लाया जाना है, जिसके अन्तर्गत सहायक अधिभोग भी सम्मिलित है।

18–स्वामी का तात्पर्य व्यक्ति, व्यक्तियों का समूह, कम्पनी, ट्रस्ट पंजीकृत संस्था राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के विभाग एवं अन्य प्राधिकरण जिसके/जिनके नाम में भूमि का स्वामित्व सम्बन्धित अभिलेखों में दर्ज है।

19–रेन-वाटर हार्वेस्टिंग का तात्पर्य बरसात के पानी को उपयोग करके विभिन्न तकनीकों से भू-गर्भ जल के स्तर को ऊंचा उठाने से है।

20–सेट-बैक का तात्पर्य किसी भवन के चारों तरफ यथा स्थिति या मानक के अनुसार एवं बाउण्ड्री दीवार के बीच छोड़ी गयी खाली जगह अथवा रास्ते से है।

21–अपर मुख्य अधिकारी का तात्पर्य अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत हरदोई से है।

22–जिला पंचायत का तात्पर्य अधिनियम की धारा-17 (1) से संघटित जिला पंचायत हरदोई से है।

23–अध्यक्ष का तात्पर्य अध्यक्ष, जिला पंचायत हरदोई से है।

24–बहुमंजिली भवन (Multy Storey) चार मंजिल अथवा 15 मीटर से अधिक ऊंचाई का भवन बहु मंजिल कहलायेगा।

25–मंजिल का तात्पर्य भवन के उस भाग से है, जो किसी तल की सतह और इसके ऊपर के अनुवर्ती तल के बीच हो और यदि इसके ऊपर कोई तल हो तो, वह स्थान जो तल और इसके ऊपर की छत के मध्य हो।

26–भवन का तात्पर्य ऐसी स्थायी प्रकृति के निर्माण अथवा संरचना से है, जोकि किसी भी प्रकार की सामग्री से निर्माण किया जाये एवं उसका प्रत्येक भाग चाहे मानव प्रयोग या अन्यथा किसी प्रयोग में लाया जा रहा हो एवं उसके अन्तर्गत बुनियाद, कुर्सी क्षेत्र, दीवार, फर्श, छत, चिमनी पानी की व्यवस्था, स्थायी प्लेटफार्म, बरान्डा, बालकनी कारनर्स या छज्जा या भवन का अन्य भाग जो किसी खुले भू-भाग को ढकने के उद्देश्य से बनाया जायेगा। इसके अन्तर्गत टैन्ट, शामियाना, तिरपाल आदि जोकि पूर्णतः अस्थायी रूप से किसी समारोह के लिए लगाये जाते हैं, वह भवन की परिभाषा में सम्मिलित नहीं होंगे।

27–आवासीय भवन के अन्तर्गत वे भवन सम्मिलित होंगे जिनमें सामान्यतः आवासीय प्रयोजन के प्राविधान सहित शयन सुविधा के साथ खाना बनाने तथा शौचालय की सुविधा हो। इसमें एक अथवा एक से अधिक आवासीय इकाई शामिल है।

28–व्यवसायिक/वाणिज्यिक भवन के अन्तर्गत वे भवन या भवन का वह भाग जो दुकानों, भण्डारण बाजार व्यवसायिक वस्तुओं के प्रदर्शन, थोक या फुटकर बिक्री व्यवसाय से सम्बन्धित कार्यकलाप होटल, पैट्रोल पम्प, कन्वीनिएन्स स्टोर्स एवं सुविधाएं जो माल व्यवसायिक माल की बिक्री से अनुशांगिक हों और उसी भवन में स्थित हों सम्मिलत होंगे अथवा ऐसे भवन/स्थल जिनका प्रयोग धनोपार्जन हेतु किया जाना हो।

29–संकटमय भवन के अन्तर्गत भवन या भवन के वह भाग सम्मिलित होंगे, जिनमें अत्यधिक ज्वलनशील या विस्फोटक सामग्री या उत्पाद का संग्रहण, वितरण, उत्पादन या प्रक्रम (प्रोसेसिंग) का कार्य होता हो या जो अत्याधिक ज्वलनशील हो या जो ज्वलनशील भाप या विस्फोटक पैदा करता हो या जो अत्यधिक कारोसिव, जहरीली या खतरनाक क्षार, तेजाब हो या अन्य द्रव्य रासायनिक पदार्थ जिनमें ज्वाला, भाप पैदा होती है, विस्फोटक जहरीले इरीटेन्ट या कोरोसिव गैसें पैदा होती हों या जिनमें धूल के विस्फोटक मिश्रण पैदा करने वाली सामग्री या जिनके परिणामस्वरूप ठोस पदार्थ छोटे-छोटे कणों से विभाजित हो जाता हो और जिनमें तत्काल ज्वलन प्रक्रिया प्रारम्भ हो जाती हो, के संग्रहण वितरण या प्रक्रम (प्रोसेसिंग) के लिये प्रयुक्त किया जाता हो।

30–भवन गतिविधि/भवन निर्माण का तात्पर्य किसी भवन के बनाने या पुनः बनाने या उसमें सारवान विचलन या ध्वस्त करने की कार्यवाही मानी जायेगी।

31–पार्किंग स्थल का तात्पर्य ऐसे चार दीवारी में बंद या खुले स्थान से है, जहाँ पर वाहन इकट्ठे रूप में खड़े हो सकते हैं, परन्तु इसके लिए आवश्यक है कि उक्त स्थान पर आने-जाने के लिए एक सुगम एवं स्वतंत्र जोड़ने वाला मार्ग बना हो।

इन उपविधियों में जिन शब्दों का प्रयोग किया गया है, परन्तु वे उक्त परिभाषाओं में सम्मिलित नहीं हैं, का तात्पर्य वही होगा जोकि ऐसे शब्दों का National Building Code एवं Bureau of Indian Standards यथा संशोधित में माना जाता है। किसी विरोधाभाष की स्थिति में अधिनियम के प्रावधान प्रभावी माने जायेंगे।

उपविधि

ये उपविधियां जिला पंचायत हरदोई के उक्त परिभाषित ग्रामीण क्षेत्र में जोकि इन उपविधियों के लिए परिभाषित किया गया है, में किसी भी व्यक्ति, ठेकेदार कम्पनी, फर्म या संस्था, सहकारी समिति, सोसाईटी, राजकीय विभाग द्वारा निर्माण कराये जाने वाले आवासीय, व्यवसायिक, औद्योगिक भवन, शिक्षण संस्थान, फार्म हाउस, ग्रुप हाउसिंग, दुकानों, मार्केट, धर्मार्थ अथवा जनहितार्थ भवन इत्यादि का ले-आउट प्लान एवं/या भवन प्लान एवं भवनों में परिवर्तन, परिवर्धन, विस्तार को नियन्त्रित एवं विनियमित करने की उपविधियां कहलायेंगी ।

(क) नक्शा स्वीकृत न कराने की परिस्थितियां

ऐसे प्रकरण/निर्माण कार्य जिनमें उपविधियों के अन्तर्गत नक्शा स्वीकार कराना आवश्यक नहीं होगा ।

1–उक्त परिभाषित ग्राम्य क्षेत्र में निम्नलिखित परिस्थितियों में भवन निर्माण, परिवर्तन, विस्तार की स्वीकृति हेतु प्रार्थना-पत्र की आवश्यता नहीं होगी ।

(अ) ये उपविधियां कच्चे मकानों एवं गाँव के मूल निवासी के शुद्धतया निजी आवास/कृषि कार्य हेतु बनाये जाने वाले 300 वर्ग मी0 क्षेत्रफल एवं दो मंजिल तक ऊँचे आवासीय भवनों पर लागू नहीं होंगी परन्तु सुरक्षित डिजाइन व निर्माण की जिम्मेदारी मालिक की होगी एवं उक्त निर्माण/कार्यवाही करने से पूर्ण जिला पंचायत को एक लिखित सूचना देनी होगी ।

(ब) सफेदी व रंग रोशन के लिये।

(स) प्लास्टर व फर्श मरम्मत के लिये।

(द) पूर्व स्थान पर छत पुनर्निमाण के लिये।

(र) प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त भवन के हिस्से का पुनर्निमाण।

(य) मिट्टी खोदने या मिट्टी से गड्ढा भरना।

(ख) प्रार्थना-पत्र, भू-अभिलेख व नक्शे

उक्त ग्राम्य क्षेत्र में कोई भी नया निर्माण, पुराने भवन में परिवर्तन या परिवर्धन, विस्तार या भूखण्ड के ले-आउट की स्वीकृति का आशय रखने वाला स्वामी, इन उपविधियों के अनुसार, ऐसा करने से एक माह पहले अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को एक प्रार्थना-पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेख तथा सूचानायें प्रस्तुत करेगा एवं पावती रसीद प्राप्त करेगा–

1–स्थान का नक्शा निम्नवत् दिया जायेगाः–

ले-आउट प्लान का पैमाना 1:500 होगा ।

की-प्लान का पैमाना 1:1000 होगा।

बिल्डिंग प्लान का पैमाना 1:100 होगा।

स्थान के चारों तरफ की सीमायें उनके नाम तथा समीपवर्ती भूमि का संक्षिप्त विवरण तथा भूमि मालिक का नाम।

समीपवर्ती मार्ग अथवा मार्गों का विवरण तथा निर्माणाधीन भवन से मार्ग की दूरी।

स्थल के नक्शे के साथ भूमि के स्वामित्व का प्रमाण-पत्र जैसे–विक्रय आलेख, दाखिल खारिज, खतौनी आलेख।

2–प्रस्तावित भवन/परियोजना का नक्शा उपरोक्त वर्णित पैमाने के अनुसार होगा।

(अ) प्रत्येक मंजिल के ढके हुए भाग का नक्शा विवरण सहित।

(ब) नक्शे पर पंजीकृत वास्तुविद का पंजीकरण नंबर, नाम व पता सहित हस्ताक्षर ।

(द) नक्शे पर भू-स्वामी अथवा स्वामियों के नाम व पता सहित हस्ताक्षर ।

(य) भू-स्वामी अथवा स्वामियों द्वारा नक्शा स्वीकृति के लिए प्रार्थना पत्र।

(र) भवन/परियोजना के बनाने व उपयोग का उद्देश्य जैसे–आवासीय, व्यवसायिक, शिक्षण धर्मार्थ अथवा जनहितार्थ भवन।

(ल) स्थल का की-प्लान, ले-आउट प्लान, फ्लोर प्लान, एलिवेशन भवन की ऊँचाई, सेक्शन, स्ट्रक्चर विवरण, रैन हार्वेस्टिंग प्रणाली, बेसमेंट, लैंड-स्केप प्लान, वातानुकूलित प्लांट, सीवेज-जल निस्तारण व्यवस्था, अग्नि निकास, जीने की स्थिति व अन्य विवरण।

(व) नक्शे पर परियोजना का नाम, शीर्षक, भू-खण्ड का खसरा, ग्राम, तहसील सहित पूरा पता ।

(स) नक्शे पर भू-खण्ड का क्षेत्रफल, ग्राउंड कवरेज, हर तल का क्षेत्रफल, बेसमेंट का क्षेत्रफल आदि का विवरण।

3–बहुमंजिली भवन (मल्टीस्टोरी) चार मंज़िल अथवा 15 मीटर से अधिक ऊँचाई के भवन में नक्शे पर निम्नलिखित अतिरिक्त सूचना भी देनी होगी–

अग्निशमन प्रणाली की व्यवस्था आपात सीढ़ी व निकासी, अग्निसुरक्षा लिफ्ट, अग्नि अलार्म आदि का विवरण ठिकाने (Location).

निर्माण कार्य एवं निर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्री की विषिष्टियाँ आदि ।

(ग) नक्शा स्वीकृति प्रदान न करने की परिस्थितियां

निम्नलिखित परिस्थितियों में भवन निर्माण, परिवर्तन, विस्तार की किसी भू-खण्ड पर स्वीकृति प्रदान नहीं की जायेगी यदि–

(अ) प्रस्तावित भवन–उपयोग अनुम्य भू-उपयोग से भिन्न है।

(ब) प्रस्तावित निर्माण धार्मिक प्रकृति का है और उससे किसी समाज की धार्मिक भावनाएं आहत होती हों ।

(स) प्रस्तावित निर्माण का उपयोग लोगों की भावनाएं भड़काने का स्रोत (Source of Annoyance) अथवा आस-पास रहने वालों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव डालता हो ।

(घ) तकनीकी अनुदेश (Technical Instruction)

1–(क) एक आवास गृह में 4.5 व्यक्ति प्रति गृह माना (Consider) गया है ।

(ख) भवन के भू-तल पर स्टिल्ट पार्किंग (Stilt Parking) अधिकतम 2.4 मीटर ऊँचाई तक अनुमन्य Hog होगी।

(ग) लिंटल (Lintel) अथवा छत स्तर पर छज्जा अधिकतम क्रमशः 0.45 मीटर एवं 0.75 मीटर चौड़ा होगा।

(घ) बेसमेंट का निर्माण भवन की सीमा से बाहर नहीं किया जायेगा। बेसमेंट की फर्श से सीलिंग तक की अधिकतम ऊँचाई 4.5 मीटर तथा बाहर की नाली से बेसमेंट की अधिकतम ऊँचाई 1.5 मीटर होगी । स्ट्रक्चर स्थिरता के आधार पर बेसमेंट सन्निकट (Adjacent) प्लाट से 2.0 मीटर दूरी तक निर्मित किया जा सकता है ।

(ङ) बहु मंजिली भवन में कम से कम एक समान (Good)/मालवाहक लिफ्ट का प्रावधान करना होगा।

(च) राष्ट्रीय भवन संहिता (National Building Code), 2005 के प्रावधान के अनुसार ग्रुप हाउसिंग के दो ब्लॉक में न्यूनतम 6.00 मीटर से 16.00 मीटर की दूरी होगी। भवन की 18.00 मीटर ऊँचाई तक 6.00 मीटर इसके पश्चात् प्रत्येक 3.00 मीटर अतिरिक्त ऊँचाई के लिए ब्लॉक की दूरी 1.00 मीटर बढ़ाई जायेगी । भू-खण्ड के डेड एण्ड (Dead End) पर ब्लॉक की अधिकतम दूरी 9.00 मीटर होगी।

(छ) बहु मंजिली भवन में चार तलों के बाद एक सेवा तल अनुमन्य होगा, किसी भवन में अधिकतम 3 सेवा तल का प्रावधान किया जा सकता है सेवा तल की अधिकतम ऊँचाई 2.4 मीटर होगी।

1–निम्नलिखित निर्माण/सुविधाओं के लिए भू-खण्ड का 10 प्रतिशत क्षेत्रफल, भू-आच्छादन (Ground Coverage) में अतिरिक्त जोड़ा जा सकता है–

(क) जनरेटर कक्ष, सुरक्षा मचान, सुरक्षा केबिन, गार्ड रूम, टॉयलेट ब्लॉक, ड्राईवर रूम, विद्युत उप केन्द्र आदि

(ख) मम्टी, मशीन रूम, पम्प हाउस, जल-मल प्लांट ।

(ग) ढके हुए पैदल पथ आदि ।

2–(क) आवासीय भवन में कमरे का आकार 2.4 मीटर एवं 9.5 वर्ग मीटर से कम न होना चाहिए।

(ख) छत की सीलिंग की ऊंचाई 2.75 मीटर से कम न होनी चाहिए ।

(ग) ए०सी० कमरे की ऊँचाई 2.40 मीटर से कम न होनी चाहिए ।

(घ) रसोई घर की ऊँचाई 2.75 मीटर आकर 1.80 मीटर एवं 5.00 वर्ग मीटर से कम न होना चाहिए ।

(ङ) संयुक्त संडास (Toilet) का आकार 1.20 मीटर एवं 2.20 वर्ग मीटर से कम न होना चाहिए ।

(च) खिड़की व रोशनदान का क्षेत्रफल फर्श के क्षेत्रफल का 10 प्रतिशत से कम न होना चाहिए ।

(छ) तीन मंजिल तक के भवन में सीढ़ी की चौड़ाई 1.00 मीटर एवं इससे अधिक ऊँचे भवन में 1.50 मीटर से कम न होनी चाहिए।

3–(क) पार्क, टोट-लोट्स (Tot/Lots), लैंड स्केप (Landscape) आदि का क्षेत्रफल भू-खण्ड के क्षेत्रफल का 15 प्रतिशत होगा ।

(ख) 30 मीटर तक के मार्ग पर स्थित समस्त प्रकार के भवनों की अधिकतम ऊँचाई सड़क की विद्यमान चौड़ाई तथा अनुमन्य फ्रंट सेट-बैक के योग का डेढ़ गुना होगी ।

(ग) भू-कम्प रोधी व सुरक्षित डिजाईन की जिम्मेदारी वास्तुविद एवं उसके अन्तर्गत कार्यरत डिजाईनर की होगी।

4–स्वीकृत किये गये भवन में जल आपूर्ति एवं मल-मूत्र एवं बेकार पानी के निस्तारण (Disposal) की व्यवस्था स्वामी द्वारा स्वयं की जायेगी, जिला पंचायत का इसके लिए कोई उत्तरदायित्व व्यय अधिभार नहीं होगा।

5–बेसमेंट में इलेक्ट्रिक ट्रांसफार्मर की स्थापना, ज्वलनशील, विस्फोटक सामग्री आदि का भण्डारण नहीं किया जा सकेगा।

(ड.) रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्टिम

भवन एवं पक्की सड़कों के द्वारा भू-खण्ड के प्रत्येक 300 वर्ग मीटर के भू-आच्छादन (Ground Coverage) पर एक रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम होगा। प्रत्येक 1000 वर्ग मीटर के भू-आच्छादन (Ground Coverage) पर एक अतिरिक्त रेल वोटर हार्वेस्टिंग हसस्टम स्थापित करना होगा।

(च) भू-आच्छादन एवं फ्लोर एरिया रेशियों (F A R)

विभिन्न भवनों हेतु भू-आच्छादन एवं फ्लोर एरिया रेशियों (F A R) के मानक निम्नवत होंगें।

क्र0 सं0	भवन एवं भू-उपयोग	भू-आच्छादन प्रतिशत	फ्लोर एरिया रेशियो एफ0ए0आर0	भवन की अधिकतम ऊँचाई मीटर
1	2	3	4	5
1	(1) आवासीय भवन भू-खण्ड 500 वर्ग मीटर तक	80	3.00	15
2	(2) आवासीय भवन भू-खण्ड 500–2000 वर्ग मीटर तक	65	4.00	15
	ग्रुप हाउसिंग योजना रैन बसेरा (Night Shelter)	50	3.00	21
3	औद्योगिक भवन	60	1.00	12

1	2	3	4	5
4	व्यवसायिक भवन			
	(i) सुविधा (Convenient) शांपिंग केन्द्र, शांपिंग माल्स, व्यावसायिक केन्द्र, होटल	40	2.50	21
	(ii) बैक, सिनेमा, मल्टीप्लेक्स	40	1.50	18
	(iii) वेयरहाउस गोदाम	60	1.50	15
	(iv) दुकाने व मार्केट	60	1.50	10
5	संस्थागत एवं भौक्षणिक भवन			
	(i) सभी उच्च शिक्षण संस्थान, विश्वविद्यालय, अनुसंधान एंव प्रशिक्षण संस्थान, डिग्री कालेज आदि	50	1.50	15
	(ii) हायर सेकंडरी, प्राईमरी, नर्सरी स्कूल, क्रेच सेंटर आदि	50	1.50	15
	(iii) हॉस्पिटल, डिस्पेंसरी, चिकित्सालय, लैब, नर्सिंग होम आदि	75	2.50	15
6	धर्मार्थ अथवा जनहितार्थ भवन	50	1.20	10
(i)	सामुदायिक केन्द्र क्लब, बारात घर, जिमखाना, अग्निशमन केन्द्र, डाकघर, पुलिस स्टेशन	30	1.50	10
(ii)	घर्मशाला, लॉज, अतिथिगृह, हॉस्टल	40	2.50	10
(iii)	धर्मकांटा, पेट्रोल पम्प, गैस गोदाम, शीत गृह	40	0.50	6
7	कार्यालय भवन, सरकारी अर्द्धसरकारी, कारॅपोरेट एवं अन्य कार्यालय भवन	40	2.00	15
8	क्रीडा एवं मनोरंजन कॉम्प्लेक्स, शूटिंग रैंज सामाजिक एवं सांस्कृतिक केन्द्र	20	0.40	10
9	नर्सरी	10	0.50	6
10	बस स्टेशन, बस डिपो, कार्यशाला	30	2.00	12
11	फार्म हाउस	10	0.15	6
12	डेरी फार्म	10	0.15	6
13	मुर्गा, सुअर, बकरी फार्म	20	0.30	6
14	ए0टी0एम0	100	1.00	6

(छ) सेट बैक (Set Back)

क्र0 सं0	भू-खण्ड का क्षेत्रफल वर्गमीटर	सामने (Front) मीटर	साइड (Side) मीटर	पीछे (Rear) मीटर	लैड (Landscaping) स्केपिंग	खुला स्थान % तक
1	150 तक	3.00	0.00	1.50	एक वृक्ष प्रति 100 वर्ग मीटर	25
2	151–300	3.00	0.00	3.00	तदैव	25
3	301–500	4.50	3.00	3.00	तदैव	25
4	501–2000	6.00	3.00	3.00	तदैव	25
5	2001–6000	7.50	4.50	6.00	तदैव	25
6	6001–12000	9.00	6.00	6.00	तदैव	25
7	12001–20000	12.00	7.50	7.50	तदैव	50
8	20001–40000	15.00	9.00	9.00	तदैव	50
9	40001 से अधिक	16.00	12.00	12.00	तदैव	50

(ज) पार्किंग स्थान

क्रमांक	भवन/भू-खण्ड	पार्किंग स्थान ECU (Equivalent Car Unit)
1	ग्रुप हाउसिंग योजना	एक (ECU) प्रति 80 वर्ग मीटर स्वीकृत (FAR) का
2	संस्थागत एवं शैक्षिणिक भवन	एक (ECU) प्रति 100 वर्ग मीटर स्वीकृत (FAR) का
3	औद्योगिक भवन	एक (ECU) प्रति 100 वर्ग मीटर स्वीकृत (FAR) का
4	व्यावसायिक भवन	एक (ECU) प्रति 30 वर्ग मीटर स्वीकृत (FAR) का
5	सामाजिक एवं सांस्कृतिक केन्द्र	एक (ECU) प्रति 50 वर्ग मीटर स्वीकृत (FAR) का
6	लॉज, अतिथिगृह, हॉस्टल	एक (ECU) प्रति 2 अतिथि रूप के लिये
7	हॉस्पिटल, नर्सिंग होम	एक (ECU) प्रति 65 वर्ग मीटर स्वीकृत (FAR) का
8	सिनेमा, मल्टीप्लेक्स	एक (ECU) प्रति 15 सीट्स
9	आवासीय भवन	एक (ECU) प्रति 150 वर्ग मीटर स्वीकृत (FAR) का

(झ) अग्नि शमन पद्धति, अग्नि सुरक्षा एवं सर्विसिस

(i) तीन मंजिल अथवा 15 मीटर से अधिक ऊँचे भवनों और विशिष्ट भवन यथा-संस्थागत एवं शैक्षणिक भवन, व्यवसायिक भवन, हॉस्पिटल, नर्सिंग होम, सिनेमा, मल्टीप्लेक्स 400 वर्ग मीटर से अधिक भू-आच्छादन के भवन में अग्नि निकास हेतु एक जीना बाहर की दीवार पर एवं अग्नि सुरक्षा के अन्य सभी प्रावधान करने होंगे। भवन के चारों तरफ बाउन्ड्री दीवार के साथ-साथ 6 मीटर चौड़ा मार्ग का प्रावधान करना होगा, जिसमें दमकलों के चालन हेतु कम से कम 4 मीटर चौड़ाई का परिवहन मार्ग (Carriage Way) होगा ।

(ii) अग्नि निकास जीने की न्यूनतम चौड़ाई 1.2 मीटर ट्रेड की न्यूनतम चौड़ाई 28 सेमी० राईजर अधिकतम 19 सेमी0, एक फ्लाईट में अधिकतम राईजरों की संख्या 16 तक सीमित होगी ।

(iii) अग्नि निकास जीने तक पहुंच दूरी 15 मीटर से अधिक न होनी चाहिए ।

(iv) घुमावदार अग्नि निकास जीने का प्रावधान 10 मीटर से अधिक ऊँचे भवनों में नहीं किया जायेगा ।

(v) उपरोक्त भवनों हेतु अग्नि शमन विभाग के समक्ष प्राधिकारी से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की जिम्मेदारी भवन स्वामी की होगी ।

(vi) उपरोक्त भवनों में उत्तर प्रदेश अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा अधिनियम (6) 2005 एवं राष्ट्रीय भवन संहिता (National Building Code) 2005 भाग–4 के अनुसार प्रावधान किया जायेगा, जैसे स्वचालित स्प्रिंक्लर पद्धति, फर्स्ट एंड होज रील्स, स्वचालित अग्नि संसूचन और चेतावनी पद्धति, सार्वजनिक संबोधन व्यवस्था, निकास मार्ग के संकेत चिन्ह, फायर मैन स्विच युक्त फायर लिफ्ट, वेट राइजर डाउन कॉर्नर सिस्टम आदि ।

(ञ) इलेक्ट्रिक लाईन से दूरी

क्रमांक	विवरण	उर्ध्वाकार दूरी मीटर	क्षैतिज दूरी मीटर
1	लो एंड मीडियम वोल्टेज लाईन तथा सर्विस लाईन	2.4	1.2
2	हाई वोल्टेज लाईन 33000 वोल्टेज	3.7	1.8
3	एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज लाईन	3-7+(0.305m) प्रत्येक अतिरिक्त 33000 वोल्टेज पर	1-8+(0.305m) प्रत्येक अतिरिक्त 33000 वोल्टेज पर

(ट) मोबाइल टावर्स की स्थापना

क–मोबाइल टावर की स्थापना हेतु भवन स्वामी एवं आवासीय कल्याण समिति (RWA) की अनापत्ति प्रस्तुत करनी होगी। ख–जनरेटर केवल 'साइलैंट' प्रकृति के होंगे तथा भू-तल पर ही लगाये जायेंगे।

ग–यदि टावर का निर्माण भवन की छत पर किया जाता है तो टावर का निचला भाग भवन की छत से न्यूनतम 3 मीटर ऊपर होना चाहिए।

घ–जहाँ अपेक्षित हो, वहां टावर के निर्माण से पूर्व एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया/वायुसेना का अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

इ–सेवा ऑपरेटर कंपनी और भवन स्वामी को संयुक्त हस्ताक्षर से इस आशय का शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा कि यदि टावर निर्माण के फलस्वरूप आस-पास के भवन एवं जान-माल को किसी भी प्रकार की क्षति पहुँचती है तो उसकी क्षतिपूर्ति का समस्त दायित्व सम्बन्धित कंपनी और भवन स्वामी का होगा ।

च–इलेक्ट्रोमेग्नेटिक वेव्स, रेडिया विकिरण, वायब्रेसन (कम्पन) आदि के रूप में होने वाले दुष्परिणामों के नियंत्रण हेतु भारत सरकार/राज्य सरकार अथवा अन्य शासकीय अभिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

छ–अनुज्ञा-पत्र जारी करने के लिए प्रथम बार शुल्क के रूप में पचास हजार रुपये जिला पंचायत में जमा करने होगें। यह शुल्क एक वर्ष की अवधि के लिए होगा तथा अप्रत्यापर्णीय (Non-Refundable) होगा। अनुज्ञा के नवीनीकरण के लिए प्रथम बार के शुल्क का 10 % प्रति वर्ष जमा करने होंगे ।

ज–शैक्षणिक संस्था, हास्पिटल, अधिक घनत्व वाली आवासीय बस्ती, अथवा धार्मिक भवन/स्थल आदि पर या इनके 100 मीटर के दायरे में मोबाइल टावर की स्थापना नहीं की जायेगी ।

(ठ) नक्शे स्वीकृति की दरें

क– **आवासीय भवन एवं शैक्षणिक भवन**

नक्शा स्वीकृत की दरें सभी तलों पर फर्श से ढके भाग पर 25 रुपये प्रति वर्ग मीटर होगी।

ख–**व्यावसायिक एवं व्यापारिक भवन**

नक्शा स्वीकृत की दरें सभी तलों पर फर्श से ढके भाग पर 50 रुपये प्रति वर्ग मीटर होगी।

ग– (i) भूमि की प्लाटिंग-भूमि को योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न आकार के प्लाटों में बॉटना ।

(ii) भूमि विकास-भूमि पर योजनाबद्ध तरीके से पार्क, उद्यान बनाना, फार्म हाउस विकसित करना, नर्सरी लगाना, शादी बैंकट हाल आदि ।

(iii) भूमि का उपयोग-भूमि का विभिन्न प्रकार के सामानों के भण्डारण हेतु प्रयोग करना जैसे निर्माण सामग्री, कंटेनर, ईधन आर०सी०सी० पाईप आदि ।

(iv) किसी परियोजनाओं का ले-आउट प्लान (तलपट मानचित्र)

उपरोक्त ग–(क) से (घ) तक दर 10 रुपये प्रति वर्ग मीटर होगी।

घ–पुराने भवन को ध्वस्त करने के पश्चात पुनः निर्माण करने की दशा में अनुज्ञा शुल्क की दरें नये भवन की दरों के समान होंगी ।

ड–स्वीकृत भवन के नक्शे में संशोधन होने की दशा में अनुज्ञा शुल्क की दरें भवन की दरों की एक चौथाई होगी।

च–बेसमेंट, स्टिल्ट, पोडियम, सेवा क्षेत्र व अन्य आच्छादित क्षेत्र की अनुज्ञा शुल्क की गणना की जाएगी।

छ–यदि स्वीकृति के नवीनीकरण का आवेदन, अनुज्ञा अवधि समाप्ति के पूर्व किया जाता है तो स्वीकृति के नवीनीकरण की दरें मूल दरों की 10% होंगी। एक बार में अनुज्ञा की अवधि एक वर्ष व अधिकतम दो वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है। अनुज्ञा अवधि समाप्ति के पश्चात् नवीनीकरण की दरें मूल दरों की 50% होंगी।

ज–उपविधियों के अनुसार, जिला पंचायत से नक्शों की स्वीकृति के बिना निर्माण करने, किसी भूमि पर व्यवसाय करने, स्वीकृत नक्शे से इतर निर्माण करने, अथवा जिला पंचायत भवन उपविधि की किसी धारा या उपधारा का उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड के रूप में समझौता शुल्क (Compounding Fee) रोपित किया जायेगा। समझौता शुल्क (Compounding Fee) प्रस्तावित भवन अथवा ले आउट प्लान (तलपट मानचित्र) पर परिस्थिति अनुसार कुल शुल्क की गणना का कम से कम 20 प्रतिशत से अधिकतम 50 प्रतिशत अतिरिक्त होगा। समझौता शुल्क (Compounding Fee) विभाग में जमा होने के उपरान्त पूर्व में निर्मित भवन के नक्शों की स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। समझौते की कार्यवाही अधिनियम की धारा 248 में दी गयी व्यवस्था से नियन्त्रित होगी ।

झ–पूर्णता प्रमाण-पत्र (Completion Certificate) जारी करने की दरें 10 रुपये प्रति वर्ग मीटर होंगी। ये दरें सभी तलों के कुल आच्छादित क्षेत्रफल पर लागू होंगी।

ण–बाउण्ड्री वाल स्वीकृति की दरें 5 रुपये प्रति मीटर होगी।

नोट– (शुल्क निर्धारण हेतु भवन के सभी तलों पर फर्श के कुल क्षेत्रफल की गणना करनी होगी।)

(ड) अनुज्ञा-पत्र जारी करने की प्रक्रिया

1–स्वामी द्वारा आवेदन-पत्र के साथ प्रस्तावित भवन/परियोजना के नक्शे एवं स्वामित्व के भू-अभिलेख अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत के कार्यालय में जमा किये जायेंगे एवं आवेदक को इस प्रस्तुतिकरण की दिनांकित पावती दी जायेगी ।

2–ऐसे आवेदन-पत्र एवं उसके साथ संलग्नकों को अपर मुख्य अधिकारी तत्काल कार्य अधिकारी को भू-अभिलेखों के परीक्षण हेतु पृष्ठांकित कर देगा।

3–कार्य अधिकारी ऐसे प्राप्त आवेदन पत्र उपरोक्त कार्यवाही पूर्ण करके अधिकतम एक सप्ताह में सम्बन्धित अभिलेख अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को प्रस्तुत कर देगा। कार्य अधिकारी की तैनाती न होने की दशा में उपरोक्त कार्यवाही अपर मुख्य अधिकारी द्वारा स्वयं की जायेगी।

4–कार्य अधिकारी से प्राप्त आख्या को अपर मुख्य अधिकारी तत्काल अभियन्ता, जिला पंचायत को पृष्ठांकित कर देगा।

5–अभियन्ता द्वारा प्रस्तावित परियोजना के स्थलीय सर्वेक्षण हेतु निदेशित (Designated) अवर अभियन्ता को स्थल के सर्वेक्षण हेतु आदेशित किया जायेगा।

6–अवर अभियन्ता द्वारा स्थल सर्वेक्षण की आख्या अधिकतम एक सप्ताह में अभियन्ता, जिला पंचायत को प्रस्तुत की जायेगी।

7–अवर अभियन्ता से सर्वेक्षण आख्या प्राप्त होने के उपरान्त बहुमंजिली भवन, व्यवसायिक भवन, संकटमय भवन एवं शैक्षणिक भवन अथवा अन्य महत्वपूर्ण परियोजना के नक्शा पारित करने से पहले अभियन्ता जिला पंचायत द्वारा प्रस्तावित परियोजना के स्थल का सर्वेक्षण अनिवार्य होगा।

8–अभियन्ता द्वारा स्थल की सर्वेक्षण आख्या प्रस्तुत करने के उपरान्त सर्वेक्षण आख्या का परीक्षण किया जायेगा। परियोजना के नक्शों की स्वीकृति हेतु अवर अभियन्ता से एक अंतरिम शुल्क की गणना करके अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को सूचित किया जायेगा। आवेदक द्वारा आगणित अन्तरिम शुल्क की 20 प्रतिशत धनराशि अग्रिम रूप से नोटिस प्राप्त होने के एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय जिला पंचायत में जमा करनी होगी। इसके उपरान्त ही नक्शे के विषय में अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। प्रतिबन्ध यह है कि नक्शा पारित होने के स्थर पर आवेदक मांग–पत्र के अनुसार निर्धारित अवधि में यदि शुल्क जमा करता है, तो उक्त धनराशि समायोजित (Adjust) हो जायेगी अन्यथा की दशा में जमा धनराशि जब्त हो जायेगी।

9–जिला पंचायत के अभियन्ता द्वारा परियोजना की संभाव्यता (Possibility), सुगमता (Convenience), साध्यता (Feasibility), तकनीकी जांच व जिला पंचायत भवन उपविधि में तकनीकी प्रावधानों एवं नक्शों का परीक्षण किया जायेगा आवश्यकता समझने पर नक्शों में संशोधन हेतु आवेदनकर्ता को निर्देशित किया जायेगा।

10–अभियन्ता द्वारा परियोजना तकनीकि दृष्टि से सुस्थित (Sound) पाये जाने पर अपनी तकनीकी आख्या अपर मुख्य अधिकारी को अधिकतम 15 दिन में प्रस्तुत करनी होगी। अवर अभियन्ता से आंगणित शुल्क की धनराशि का विवरण प्रतिपरीक्षण (Cross Verification) कराके तकनीकि आख्या के साथ संलग्न करना होगा।

11–अपर मुख्य अधिकारी उक्त आख्या प्राप्त होने पर कार्य अधिकारी एवं अभियन्ता द्वारा प्राप्त आख्याओं का परीक्षण करके आवेदक को शुल्क जमा करने का मांग-पत्र जारी करेंगे, जिसमें आवेदक को शुल्क जमा करने के लिए एक माह का समय दिया जायेगा ।

12–आवेदक द्वारा नक्शा शुल्क निर्धारित समय में जमा कराना होगा। जिला निधि की रोकड़ बही में शुल्क की प्रविष्टि के उपरान्त अपर मुख्य अधिकारी द्वारा नक्शे की स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

13–उपरोक्त समस्त कार्यवाही पूर्ण होने के उपरान्त आवेदक को अनुज्ञा-पत्र अपर मुख्य अधिकारी एवं अभियन्ता के संयुक्त हस्ताक्षर से आवश्यक शर्तों के साथ जारी किया जायेगा। नक्शों पर अपर मुख्य अधिकारी एवं अभियन्ता द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरों से स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

14–यदि जिला पंचायत द्वारा आवेदन प्राप्ति के दो माह के भीतर आवेदक को कोई सूचना अथवा शुल्क की मांग-पत्र जारी नहीं किया जाता है, तो आवेदक द्वारा निर्धारित दो माह की अवधि के समाप्ति के दिनांक से 20 दिन के भीतर प्रकरण अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत के संज्ञान में लिखित रूप से लाया जायेगा। यदि इस पर भी अपर मुख्य अधिकारी 10 दिन में कोई कार्यवाही नहीं करता है, तो पूर्व में प्रस्तुत नक्शा एवं निर्माण की स्वीकृति मानित स्वीकृति (Deemed Sanction) मानी जायेगी ।

विवाद–उक्त कार्यवाही में किसी विवाद होने की दशा में या स्वीकृत नक्शा किन्ही कारणों से निरस्त होने की दशा में या ऐसी कार्यवाही उत्पन्न होने के दिनांक से 30 दिन के भीतर प्रकरण अध्यक्ष, जिला पंचायत को सन्दर्भित किया जायेगा। जिसमें उनको अपना अनुदेश ऐसे प्रकरण की प्राप्ती के 30 दिन के भीतर देना होगा। एवं उनका ये आदेश अभयपक्षों पर बन्धनकारी होगा।

(ण) सामान्य अनुदेश (General Instructions)

1–भारत सरकार अथवा उत्तर प्रदेश सरकार एवं पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित एतिहासिक स्मारक, इमारत या स्थल के 200 मीटर के दायरे में निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी। 200 मीटर से 1.5 किलो मीटर के दायरे में निर्माण की मंजिलों एवं ऊँचाई की अनुमति, तत्समय आवश्यक और उचित कारण सहित दी जाएगी ।

2–भू-खण्ड की सीमा से बाहर कोई निर्माण अनुमन्य नहीं होगा ।

3–भवन के भू-तल पर स्टिल्ट पार्किंग (Stilt Parking) वाहन पार्किंग, बेसमेंट वाहन पार्किंग, भण्डारण व सुविधाओं के रख-रखाव व सेवा तल (Service Floor) भण्डारण व सुविधाओं के रख-रखाव इत्यादि हेतु उपयोग किया जाये तो इनका क्षेत्रफल एफ०ए०आर० में शामिल नहीं होगा ।

4–निकटतम हवाई अड्डा चाहे विमानापत्तन प्राधिकरण (Airport Authority) द्वारा नियन्त्रित हो या रक्षा विभाग अथवा अन्य शासकीय विभाग द्वारा नियन्त्रित हो, के 5 किमी0 की परिधि में 30 मीटर से ऊचे भवन के आवेदन-कर्ता को उक्त वर्णित प्रतिष्ठानों से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेना होगा।

5–उपरोक्त उपविधि में सभी बातों के होते हुए भी जिला पंचायत यदि उचित व आवश्यक समझे तो, कारणों का उल्लेख करते हुए किसी भवन में भू-आच्छादन, फ्लोर एरिया रेशियों (FAR) अथवा अधिकतम ऊँचाई में परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान कर सकती है ।

6–उपरोक्त सूची में उल्लिखित, भवनों के अतिरिक्त भवनों एवं गतिविधियों के नियमों व विनियमों का निर्धारण, जिला पंचायत द्वारा इस प्रकार के समकक्ष (Similar) भवनों एवं गतिविधियों के लिए निर्धारित उपविधियों के अनुसार किया जायेगा ।

7–मल्टी लेवर पार्किंग में संरचनात्मक एवं सुरक्षा की शर्तों के अधीन अधिकतम दो बेसमेंट अनुमन्य होंगे।

8–इन उपविधियों के अधीन जारी अनुज्ञा जारी होने के दिनांक से तीन वर्ष की अवधि के लिए वैध एवं मान्य होगी।

9–इन उपविधियों के पालन न करने की दशा में सम्बन्धित उल्लंघनकर्ता के विरुद्ध सी०आर०पी०सी० की धारा 133 के अन्तर्गत जिला पंचायत द्वारा कार्यवाही की जायेगी।

(त) अनुज्ञा की शर्तें

अनुज्ञा-पत्र जारी होने के उपरान्त यदि यह संज्ञान में आये की नक्शे स्वीकृति हेतु आवेदक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख फर्जी हैं अथवा गलत विवरण दिया गया है तो जिला पंचायत द्वारा दी गयी नक्शों की स्वीकृति निरस्त की जा सकती है, किया गया निर्माण ध्वस्त किया जा सकता है अथवा सील (Seal) किया जा सकता है !

क–अपर मुख्य अधिकारी को अधिकार होगा की वह, अभियन्ता जिला पंचायत की संस्तुति पद, वास्तुविद् द्वारा प्रस्तुत नक्शों में संशोधन अथवा परिवर्तन कर दे अथवा स्वीकार कर दे।

ख–पंजीकृत वास्तुविद् द्वारा तैयार एवं हस्ताक्षरित नक्शे ही मान्य होंगे। परियोजना का डिजाईन वास्तुविद के अन्तर्गत कार्य करने वाले योग्य अभियन्ता द्वारा कराया जायेगा।

ग–कोई भी व्यक्ति, कम्पनी, फर्म या संस्था, राजकीय विभाग अथवा ठेकेदार आदि द्वारा प्रस्तावित मानचित्र जिला पंचायत में स्वीकृत होने के बावजूद अन्य उन सभी विभागों से जिनसे लाईसेन्स/अनापत्ति प्रमाण-पत्र लिया जाना आवश्यक है, अनुमति प्राप्त करने का उत्तरदायित्व आवेदक का होगा।

(थ) दण्ड

उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम, 1961 की धारा 240 के अधीन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला पंचायत हरदोई यह निर्देश देती है कि जो व्यक्ति इन उपविधियों का उल्लंघन करेगा, वह अर्थ-दण्ड से दण्डनीय होगा। जो अंकन 1,000 रुपये तक होगा, जो प्रथम दोष सिद्ध होने के पश्चात ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जिसके बारे में यह सिद्ध हो जाये कि अपराधी अपराध करता रहा है, रूपये 50 प्रतिदिन हो सकेगा, अथवा अर्थ-दण्ड का भुगतान न किया जाये तो कारावास से दण्डित किया जायेगा, जो कि तीन माह तक हो सकेगा।

डा0 रोशन जैकब,
आयुक्त,
लखनऊ मण्डल, लखनऊ।

पी0एस0यू0पी0–15 हिन्दी गजट–भाग-3–2023 ई0।

मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

रजिस्टर्ड नं०–ए०डी०–4
लाइसेन्स सं०–डब्ल्यू०पी०–41
(लाइसेन्स्ड टू पोस्ट बिदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

प्रयागराज, शनिवार, 08 जुलाई, 2023 ई० (आषाढ़ 17, 1945 शक संवत्)

भाग 4

निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश

कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

वर्ष 2023 की हाईस्कूल कम्पार्टमेन्ट/इम्प्रूवमेन्ट एवं इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के लिये आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों के लिये

परीक्षा कार्यक्रम

दिवस तथा दिनांक	समय	विषय तथा प्रश्न-पत्र हाईस्कूल	विषय तथा प्रश्न-पत्र इण्टरमीडिएट
1	2	3	4
शनिवार 22 जुलाई, 2023	प्रातः 8.00 बजे से 11.15 बजे तक	हिन्दी, प्रारम्भिक हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी, संस्कृत, अरबी, गणित, गृहविज्ञान (केवल बालिकाओं के लिये), विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, संगीत गायन, संगीत वादन, वाणिज्य, चित्रकला, कृषि, सिलाई, कम्प्यूटर	—
	सायं 2.00 बजे से 5.15 बजे तक	———	हिन्दी, सामान्य हिन्दी, संस्कृत, उर्दू, अंग्रेजी, अरबी, इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, गणित, सैन्य विज्ञान, मनोविज्ञान, शिक्षा शास्त्र, गृहविज्ञान, अर्थशास्त्र, तर्कशास्त्र, संगीत गायन, संगीत वादन, चित्रकला (आलेखन), चित्रकला (प्रावैधिक), रंजनकला, समाजशास्त्र, कम्प्यूटर, ग्रन्थशिल्प, सिलाई, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, लेखाशास्त्र, व्यवसाय अध्ययन, कृषि शस्य विज्ञान (एग्रोनामी)–प्रथम प्रश्न-पत्र–(कृषि भाग-1 के लिये), कृषि वनस्पति विज्ञान–द्वितीय प्रश्न-पत्र–(कृषि भाग-1 के लिये),

1	2	3	4
			कृषि भौतिकी एवं जलवायु विज्ञान–तृतीय प्रश्न-पत्र–(कृषि भाग-1 के लिये), कृषि अभियंत्रण–चतुर्थ प्रश्न-पत्र–(कृषि भाग-1 के लिये), कृषि गणित तथा प्रारम्भिक सांख्यिकी–पंचम प्रश्न-पत्र–(कृषि भाग-1 के लिये), कृषि शस्य विज्ञान (एग्रोनामी)–शष्टम् प्रश्न-पत्र–(कृषि भाग-2 के लिये), कृषि जन्तु विज्ञान–अष्टम् प्रश्न-पत्र–(कृषि भाग-2 के लिये), कृषि पशुपालन तथा पशु चिकित्सा विज्ञान–नवम् प्रश्न- पत्र–(कृषि भाग-2 के लिये), कृषि रसायन विज्ञान–दशम् प्रश्न- पत्र–(कृषि भाग-2 के लिये), सामान्य आधारिक विषय, फल एवं खाद्य संरक्षण–प्रथम प्रश्न-पत्र, फल एवं खाद्य संरक्षण–द्वितीय प्रश्न- पत्र, फल एवं खाद्य संरक्षण–तृतीय प्रश्न-पत्र, परिधान रचना एवं सज्जा–प्रथम प्रश्न-पत्र, परिधान रचना एवं सज्जा–द्वितीय प्रश्न-पत्र, परिधान रचना एवं सज्जा–चतुर्थ प्रश्न-पत्र, परिधान रचना एवं सज्जा–पंचम प्रश्न-पत्र, धुलाई तथा रंगाई–प्रथम प्रश्न-पत्र, बेकिंग तथा कन्फेक्शनरी–प्रथम प्रश्न-पत्र, बेकिंग तथा कन्फेक्शनरी–पंचम प्रश्न-पत्र, टेक्सटाइल डिजाइन–प्रथम प्रश्न-पत्र, बुनाई तकनीक–द्वितीय प्रश्न-पत्र, नर्सरी शिक्षण का प्रशिक्षण एवं शिशु प्रबन्ध–प्रथम प्रश्न-पत्र, पुस्तकालय विज्ञान–प्रथम प्रश्न-पत्र, पुस्तकालय विज्ञान–पंचम प्रश्न-पत्र, रंगीन फोटोग्राफी–प्रथम प्रश्न-पत्र, रंगीन फोटोग्राफी–द्वितीय प्रश्न-पत्र, रंगीन फोटोग्राफी–तृतीय प्रश्न-पत्र, रेडियो एवं रंगीन टेलीविजन–प्रथम प्रश्न-पत्र, रेडियो एवं रंगीन टेलीविजन–चतुर्थ प्रश्न-पत्र, रेडियो एवं रंगीन टेलीविजन–पंचम प्रश्न-पत्र, आटोमोबाइल्स–प्रथम प्रश्न-पत्र, डेरी प्रौद्योगिकी–प्रथम प्रश्न-पत्र, फसल सुरक्षा सेवा–प्रथम प्रश्न-पत्र, पौधशाला–प्रथम प्रश्न-पत्र, एकाउन्टेन्सी एवं अंकेक्षण–प्रथम प्रश्न-पत्र, एकाउन्टेन्सी एवं अंकेक्षण–चतुर्थ प्रश्न-पत्र, बैंकिंग–प्रथम प्रश्न-पत्र, आशुलिपि एवं टंकण–प्रथम प्रश्न-पत्र, आशुलिपि एवं टंकण–द्वितीय प्रश्न-पत्र, टंकण हिन्दी एवं अंग्रेजी–प्रथम प्रश्न-पत्र, मुद्रण–प्रथम प्रश्न-पत्र।

सचिव,
माध्यमिक शिक्षा परिषद्,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पी0एस0यू0पी0–15 हिन्दी गजट–भाग 4–2023 ई0।
मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

रजिस्टर्ड नं०–ए०डी०–4
लाइसेन्स सं०–डब्ल्यू०पी०–41
(लाइसेन्स्ड टू पोस्ट बिदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

प्रयागराज, शनिवार, 08 जुलाई, 2023 ई० (आषाढ़ 17, 1945 शक संवत्)

भाग 8

सरकारी कागज-पत्र, दबाई हुई रूई की गांठों का विवरण-पत्र, जन्म-मरण के आंकड़े, रोगग्रस्त होने वालों और मरने वालों के आंकड़े, फसल और ऋतु सम्बन्धी रिपोर्ट, बाजार-भाव, सूचना, विज्ञापन इत्यादि।

सूचना

मेरे इण्टरमीडिएट वर्ष 2013-14 के अंक पत्र में त्रुटिवश SINGH NITEESH नाम दर्ज है। सही नाम है। यही सही नाम SINGH NITEESH DINESH KUMAR है। ग्राम-गछलीगांव, पोस्ट बदलापुर, खुर्द, बदलापुर, जौनपुर।

Niteesh Singh.

सूचना

सूचित किया जाता है कि विवाह के पूर्व मेरा नाम अतुलिका राय था, जो अब विवाह के पश्चात् अतुलिका पाण्डेय हो गया है। भविष्य में मुझे अतुलिका पाण्डेय पत्नी श्री राहुल पाण्डेय, निवासी-47 के/1ए, सुंदर बाग, शिवकुटी, तेलियरगंज, प्रयागराज के नाम से जाना-पहचाना जाय।

अतुलिका पाण्डेय।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता का सही नाम राधे मोहन शुक्ला है, जो उनके आधार कार्ड, पेन-कार्ड में भी अंकित है। मेरे कुछ अभिलेखों में मेरे पिता का नाम आर0एम0 शुक्ला अंकित है तथा कुछ अभिलेखों में राधे मोहन शुक्ला अंकित है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे पिता का ही है।

भूमिका शुक्ला,
912/2डी सद्भावना नगर कतवारूका पूरा,
मिर्जापुर, पिन–231001 ।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मे0 गैलेक्सी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर, पता जगतपुर लाला बेगम, अपोजिट, रोहिलखंड पुलिस चौकी, बरेली उ0प्र0 243001 जिसकी पंजीकरण सं0 BAR/0010220 है, यह फर्म दिनांक 15 सितम्बर, 2021 से निरन्तर सुचारू रूप से कार्य कर रही है, उपरोक्त फर्म से साझेदार महेश चंद्र गुप्ता पुत्र श्री नन्हें लाल गुप्ता (उर्फ नन्हें लाल) निवासी ग्राम शाहपुर बनियान, शाहपुर, बरेली उ0प्र0 243506 दिनांक 31 मार्च, 2023 को स्वेच्छा से सेवानिवृत्त हो गये है तथा महेश चंद्र गुप्ता का फर्म पर व फर्म का महेश चंद्र गुप्ता पर कोई शेष बकाया नहीं है। उपरोक्त फर्म में वर्तमान में कुल तीन साझेदार क्रमशः

श्री हिमांशु शर्मा, श्री गजेंद्र पाल सिंह तथा श्री अवशेष कुमार है। एतद्दवारा सूचित किया जाता है कि उक्त साझेदारी के संसोधन के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूर्ण कर ली गई है।

हिमांशु शर्मा,
साझेदार,
मे0 गैलेक्सी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर,
पता–जगतपुर लाला बेगम, अपोजिट,
रोहिलखंड पुलिस चौकी, बरेली उ0प्र0 243001
पंजीकरण सं0– BAR/0010220

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे कुछ अभिलेखों में मेरा नाम अज़ीम हुसैन अंकित है तथा कुछ अभिलेखों में अज़ीम शम्सी अंकित है, अज़ीम हुसैन एवं अज़ीम शम्सी दोनों एक ही व्यक्ति हैं तथा एक ही व्यक्ति के नाम है, मेरा सही नाम अज़ीम हुसैन है, भविष्य में मुझे अज़ीम हुसैन नाम से जाना व पहचाना जाये।

अज़ीम हुसैन,
पुत्र श्री मजकुर हुसैन,
निवासी-74–बी, फूल वालान,
निकट ऐवाने मजहर, बरेली (उ0प्र0),
पिन कोड-243003

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है मे0 लोहिया डेवलेपर्स, एल-589, शास्त्री नगर, जनपद मेरठ की साझेदारी में श्री मुनेन्द्र सिंह, श्री जगमाल सिंह एवं श्री मनुज कुमार साझीदार थे। दिनांक 01 अप्रैल, 2023 को श्री जगमाल सिंह फर्म की साझेदारी से अपना हिसाब-किताब ले-देकर अलग हुए हैं। संशोधित साझीदारी दिनांक 01 अप्रैल, 2023 के अनुसार श्री मुनेन्द्र सिंह एवं श्री मनुज कुमार साझीदार हैं। यह घोषणा करता हूँ कि एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है।

मुनेन्द्र सिंह,
साझीदार,
मे0 लोहिया डेवलेपर्स,
एल-589, शास्त्री नगर, जनपद-मेरठ।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मे0 शिव कंस्ट्रक्शन, HIG 1/162 रामगंगा बिहार फेस-1, मुरादाबाद (यू0पी0) जिसकी पंजीकरण सं0 MBD-3789 है। फर्म में दो पार्टनर श्री राजपाल सिंह एवं श्रीमती लोकेश देवी थे। पार्टनर श्री राजपाल सिंह ने दिनांक 01 जुलाई, 2023 को त्याग-पत्र/रिटायरमेन्ट लेकर फर्म से अपनी साझीदार समाप्त कर ली है। उसी दिनांक 01 जुलाई, 2023 को श्री सुमित चौधरी एवं शिवानी चौधरी शामिल हो गये हैं। त्याग-पत्र/रिटायरमेंट लेने वाले पार्टनर की फर्म पर अब कोई लेनदारी/देनदारी नहीं है। उक्त फर्म में अब वर्तमान में तीन पार्टनर श्रीमती लोकेश देवी, श्री सुमित चौधरी एवं कु0 शिवानी चौधरी हैं।

लोकेश देवी,
''मे0 शिव कंस्ट्रक्शन'',
HIG 1/162 रामगंगा बिहार फेस–1,
मुरादाबाद (यू0पी0)।

सूचना

एत्त द्वारा सूचित किया जाता है कि मे0 विश्वनायक लॉजिस्टिक्स, बी-29, सैनिक हाउसिंग सोसाइटी, सरोजनी नगर, जिला लखनऊ से पंजीकृत है। फर्म में दो साझेदार श्री विष्णु कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 राम प्रसाद पाण्डेय व श्री अमित पाण्डेय पुत्र श्री विष्णु कुमार पाण्डेय साझेदार थे। जिसमें से फर्म के प्रथम साझेदार दिनांक 12 जून, 2023 को श्री विष्णु कुमार पाण्डेय फर्म की साझेदारी से निकल गये हैं तथा इसी दिनांक 12 जून 2023 को फर्म की साझेदारी में एक नये साझेदार श्री अवनीत कुमार पाण्डेय शामिल हो गये हैं। वर्तमान में श्री अमित पाण्डेय एवं श्री अवनीत कुमार पाण्डेय फर्म में साझेदार हैं। जिसकी सूचना दी जा रही है।

अमित पाण्डेय,
साझेदार,
''मे0 विश्वनायक लॉजिस्टिक'',
जिला–लखनऊ।

सूचना

फर्म मे0 तोमर रियल एस्टेट प्रमोटर्स 17 कृष्णा एन्क्लेव उखर्रा मार्ग देवरी रोड, आगरा-282001, पत्रावली संख्या एजीआर-0014095 में दिनांक 25 जून, 2023 को

श्री रमेश चंद शर्मा पुत्र श्री रामनाथ शर्मा निवासी-68, नरोततम कुंज मधु नगर आगरा फर्म की भागीदारी में सम्मलित हुये हैं। वर्तमान फर्म में भागीदारी श्री रामनिवास तोमर, श्री मिथुन तोमर, श्री अजय तोमर, श्री मानवेन्द्र तोमर, श्री रमेश चंद शर्मा हैं।

रामनिवास तोमर,
साझेदार,
मे0 तोमर रियल एस्टेट प्रमोटर्स,
17 कृष्णा एन्क्लेव उखर्रा मार्ग,
देवरी रोड, आगरा–282001

सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 02 मई, 2023 से भागीदारी फर्म मे0 ओम पैट्रोलियम प्रोडक्ट्स, पता-डी-22, नवीपुर इण्डस्ट्रियल एरिया, कोसी कोटवान इण्डस्ट्रियल एरिया, कोसी कला, मथुरा का नाम परिवर्तन कर मे0 जैनको इण्डिया कर दिया गया है। फर्म के भागीदार श्रीमती कामिनी अग्रवाल, श्री अखिल जैन, श्री विवेक बंसल, श्री गौरव खण्डेलवाल तथा श्री अंकुर जैन हैं।

कामिनी अग्रवाल,
भागीदार,
मे0 ओम पैट्रोलियम प्रोडक्ट्स,
नया नाम-मे0 जैनको इण्डिया,
पता-डी-22 नवीपुर इण्डस्ट्रियल एरिया,
कोसी कोटवान इण्डस्ट्रियल एरिया,
कोसी कलॉ, मथुरा।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मे0 मलूक चन्द्र कॉटन एण्ड ऑयल मिल, बारह द्वारी अलीगढ़ में स्थित है। उपरोक्त फर्म में श्री दिनेश चन्द अग्रवाल, श्री नरेन्द्र मोहन अग्रवाल, निवासीगण रामगंज अलीगढ़ हम सभी साझेदारों ने अपनी फर्म दिनांक 11 मार्च, 2016 को संचालन की थी। दिनांक 03 अप्रैल, 2023 से श्री शिवांग मोहन अग्रवाल पुत्र श्री नरेन्द्र मोहन अग्रवाल निवास 7/46 पत्थर बाजार, अलीगढ़ फर्म में साझेदार हो गये हैं। अब फर्म को श्री दिनेश चन्द अग्रवाल, श्री नरेन्द्र मोहन अग्रवाल, श्री शिवांग मोहन अग्रवाल हम तीनों साझेदार के रूप में संचालित करेंगे तथा फर्म का पुराना पता–बारह द्वारी अलीगढ़ को परिवर्तित कर नया पता 7/46 पत्थर बाजार, अलीगढ़ कर दिया गया है।

दिनेश चन्द अग्रवाल,
साझेदार।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मे0 राज हास्पिटलिटीज, 747 डेम्पीयर नगर मथुरा पर स्थित है। उपरोक्त फर्म में श्री अतिरेक गर्ग पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार गर्ग निवासी-1980, डेम्पीयर नगर, मथुरा, मे0 ओनेस्टी होम कंस्ट्रशन कं0 एल0एल0पी0, 421, मेकर चैम्बर-5, नरीमन पांइट, मुम्बई, मे0 शुभी कंस्ट्रक्शन एल0एल0पी0, 421, मेकर चैम्बर-5, नरीमन पांइट, मुम्बई और श्री शाम सुन्दर अग्रवाल पुत्र स्व0 फूलचन्द निवासी-1980 डेम्पीयर नगर, मथुरा साझेदार है। जिसमें से मे0 ओनेस्टी होम कंस्ट्रक्शन कं0 एल0एल0पी0, 421, मेकर चैम्बर-5, नरीमन पांइट, मुम्बई, दिनांक 22 मार्च, 2022 को उक्त फर्म से स्चेच्छा से अवकाश ले चुके हैं, जिसका अवकाश प्रलेख दिनांक 28 मार्च, 2022 को लिखा गया है और फर्म का पुर्नगठन दिनांक 23 मार्च, 2022 को लिखा गया है। वर्तमान में श्री अतिरेक गर्ग पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार गर्ग, निवासीगण-1980, डेम्पीयर नगर, मथुरा, मे0 शुभी कंस्ट्रक्शन एल0एल0पी0, 421, मेकर चैम्बर-5, नरीमन पांइट, मुम्बई और श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल पुत्र स्व0 फूलचन्द निवासी-1980 डेम्पीयर नगर, मथुरा साझेदार हैं।

श्याम सुन्दर अग्रवाल,
साझेदार।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम BHUPENDER SINGH पुत्र स्व0 करम सिंह है। त्रुटिवश सेवा पुस्तिका/PPO BHUPENDAR SINGH में मेरा नाम अंकित हो गया है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम BHUPENDER SINGH भूपेंद्र सिंह पुत्र स्व0 करम सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाये।

भूपेंद्र सिंह पुत्र स्व0 करम सिंह,
निवासी-विजय नगर सेक्टर-बी, नीलमथा दिलकुशा,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश,
पिन कोड–226002.

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी का घर का वास्तविक नाम मोहनी श्रीवास्तव है, आधार कार्ड, पैन-कार्ड व बैंक खाते में मेरी पत्नी का नाम मोहनी श्रीवास्तव अंकित है, जबकि मेरे पेंशन प्रपत्रों में पत्नी का नाम रवी मोहनी श्रीवास्तव अंकित है। उपरोक्त दोनों नाम

मेरी पत्नी अर्थात् एक ही महिला के है, भविष्य में मेरी पत्नी को मोहनी श्रीवास्तव के नाम से जाना व पहचाना जाये।

हर्ष कुमार श्रीवास्तव,
पुत्र स्व0 बाबूराम श्रीवास्तव,
निवासी–359/2, शास्त्री नगर,
जिला कानपुर नगर।

सूचना

सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मे0 विजय ट्रेडिंग कम्पनी, 34/बी एण्ड 35/18, डी, देवी रोड, मैनपुरी, उ0प्र0 में परिवर्तन की सूचना इस प्रकार है –

फर्म के पूर्व तृतीय पक्ष भागीदार श्री मयूर कुमार गोयल पुत्र श्री अशोक कुमार गोयल उम्र 33 वर्ष निवासी-98, गली नं0712, पंजाबी कॉलोनी, मैनपुरी दिनांक 01 अक्टूबर, 2021 को अपनी स्वेच्छा से फर्म से अलग हो गये हैं। अब फर्म में श्री अशोक कुमार गोयल तथा श्रीमती चेतना गोयल ही भागीदार शेष रह गये हैं।

अशोक कुमार गोयल,
भागीदार,
मे0 विजय ट्रेडिंग कम्पनी,
निवासी–34/बी एण्ड 35/18, डी,
देवी रोड, मैनपुरी, उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0–15 हिन्दी गजट–भाग 8–2023 ई0।
मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।